# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा — पंचम (बजट) सत्र

संख्या–11 — बुधवार, दिनांक–11 मार्च, 2026 ई०।

समय–11.00 बजे पूर्वा० से 04.34 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.प्रश्नकालः–

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

**(कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या–10)**

(क) उत्तरित कुल–03

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम सं०–148, | अ०सू०–06 | श्री हेमलाल मुर्मू, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–149, | अ०सू०–05 | श्री हेमलाल मुर्मू, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–150, | अ०सू०–17 | श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन, | स०वि०स०। |

(ख) अनागत कुल–07,

क्रम सं०–151 से क्रम सं०–157 तक।

**(कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या–83)**

(क) उत्तरित कुल–02

क्रम सं०–212, — श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स०,
(दिनांक–25.02.2026 से स्थगित।)

क्रम सं०–212, — श्री आलोक कुमार चौरसिया, स०वि०स०।

(ख) अनागत कुल–81,

क्रम संख्या–464 से क्रम सं०–544 तक।

### 2.आसन से घोषणाः–

आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि विभिन्न माननीय सदस्यों द्वारा बताया गया है कि उनके प्रश्नों का उत्तर विभाग के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। सत्रारम्भ से पूर्व उच्चस्तरीय बैठक में पदाधिकारियों को निदेश दिया गया था कि सत्र के दौरान प्राप्त होनेवाले प्रश्नों एवं अन्य विषयों पर उत्तर यथाशीघ्र एवं ससमय दिया जाय। समीक्षा के दौरान मैंने पाया कि माननीय सदस्यों की शिकायतें सही है अतएव सभी प्रभारी मंत्रियों से आग्रह है विभागीय पदाधिकारियों को उनकी ओर से स्पष्ट निदेश दिया जाय कि शेष सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर ससमय उपलब्ध कराया जाय।

Scanned with OKEN Scanner

**3.शून्यकाल–**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाएँ निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

श्री शत्रुघ्न महतो,
श्रीमती मंजु कुमारी,
श्री भूषण तिर्की,
श्री अनन्त प्रताप देव,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री प्रदीप प्रसाद,
श्री राज सिन्हा,
डॉ० नीरा यादव,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री सुदीप गुड़िया,
श्री मथुरा प्रसाद महतो,
श्री जयराम कुमार महतो,
श्री दशरथ गागराई,
डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता(अपृष्ठ),
श्रीमती पूर्णिमा साहू,
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,
श्री सुरेश कुमार बैठा,
श्री रोशन लाल चौधरी,
श्री धनंजय सोरेन,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री मंगल कालिंदी,
श्री सोमेश चन्द्र सोरेन,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री सुरेश पासवान,
श्री जनार्दन पासवान।

**4.प्रथम पाली की सूचनाः–**

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा अपने अल्पसूचित प्रश्न के लिखित उत्तर प्राप्त नहीं होने के सम्बन्ध में आसन को अवगत कराया गया साथ ही इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने हेतु आसन से आग्रह किया गया,

माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल ने सूचना के माध्यम से जानना चाहा कि हिन्दू धर्मावलम्बियों के त्योहार में डी.जे. पर प्रतिबंध लगाया गया था। क्या अन्य धर्मावलम्बियों के त्योहारो में भी डी.जे. पर प्रतिबंध लगाया जाएगा? सरकार स्पष्ट करे।

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा सूचना के माध्यम से सरकार से जानना चाहा कि कल माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की गयी है जो झारखण्ड के निवासी नहीं हैं। क्या स्क्रीनिंग समिति के समक्ष झारखण्ड के किसी वर्ग के विद्वान महानुभाव के द्वारा इस पद हेतु आवेदन नहीं किया गया था। चलते सत्र में सरकार स्थिति स्पष्ट करे।

माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि माननीय संसदीय कार्य मंत्री के वक्तव्य में ईरानी युद्धपोत पर अमेरिकी हमले का क्षेत्र भारतीय सीमा के अन्तर्गत बताया गया है जबकि वह सीमा श्रीलंका के अन्तर्गत आता है जिसे कार्यवाही से स्पंज कराया जाय। इस विषय पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने प्रतिकार करते हुए कहा कि मेरे वक्तव्य को स्पंज नहीं कराया जाय क्योंकि वह सही है।

Scanned with OKEN Scanner

माननीय सदस्य, श्री मथुरा प्रसाद महतो ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि गिरिडीह जिले में तीन सप्ताह पूर्व जे.एम.एम. नेता की की हत्या हुई थी जिसमें अबतक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिसपर सरकार द्वारा संज्ञान लिया जाय।

माननीय सदस्य, श्री अनन्त प्रताप देव ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि भवनाथपुर के बंशीधर नगर पंचायत स्थित राजा पहाडी में एक सड़क अचानक से धंस गया है जिससे वहाँ के दर्जनों गाँव एवं उत्तर प्रदेश की ओर जानेवाले लोगों का आवागमन प्रभावित है, इस सड़क की मरम्मति यथाशीघ्र करायी जाय।

**(सदन में व्याप्त अव्यवस्था एवं शोरगुल के कारण सदन की कार्यवाही 12.25 बजे अप० से 12.50 बजे अप० तक के लिए स्थगित।)**

**(स्थगनोपरांत)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**5.वित्तीय कार्यः–**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर स्वास्थ्य, चिकित्सा–शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, डॉ० इरफान अंसारी द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा–शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2027 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 79,90,29,55,000/–(उनासी अरब, नब्बे करोड़, उनतीस लाख, पचपन हजार) रूपये से अनधिक राशि की माँगें प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा इस माँग से सम्बन्धित कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

स्थगन से पूर्व माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कुलपति सम्बन्धी विषय पर माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा उच्च शिक्षा सचिव से बात करके स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया गया।

**(अन्तराल)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**6.वित्तीय कार्य(क्रमांक–5 से जारी):–**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत स्वास्थ्य, चिकित्सा–शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अनुदान की माँग पर वाद–विवाद में माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा चर्चा प्रारम्भ किया गया जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लियाः–

श्री हेमलाल मुर्मू,
श्री बाबूलाल मराण्डी,
श्री रामचन्द्र सिंह,
श्री सुरेश पासवान,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री जनार्दन पासवान,
श्रीमती लोईस मराण्डी।

**(इस अवसर पर सदन की सहमति से सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)**

वाद–विवाद के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री, डॉ० इरफान अंसारी द्वारा स्वास्थ्य, चिकित्सा–शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की माँग पर सभा में सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव उनकी अनुपस्थिति के कारण अस्वीकृत हुआ तदुपरांत सभा द्वारा माँग स्वीकृत हुई।

**(सरकार के उत्तर के क्रम में विपक्षी दल के माननीय सदस्यों द्वारा सदन से बहिर्गमन किया गया।)**

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक–12.03.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रंजीत कुमार,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

राँची,
दिनांक–11 मार्च, 2026 ई०।

Scanned with OKEN Scanner